योगी सरकार प्रयागराज-चित्रकूट और वाराणसी के लिए दो नए विकास क्षेत्र बनाएगी

यूपी में दो नए एक्सप्रेसवे को मंजूरी

सौगात

महाकुम्भ नगर, विशेष संवाददाता। महाकुम्भ से योगी सरकार ने पूर्वांचल को एक नई सौगात देते हुए 320 किलोमीटर के विंध्य एक्सप्रेसवे का ऐलान किया है। इस पर 22400 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इससे गंगा एक्सप्रेसवे काशी से भी जुड़ जाएगा।

यह एक्सप्रेसवे प्रयागराज से शुरू होकर, मीरजापुर, वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र तक जाएगा। यहां से वह छत्तीसगढ़ और झारखंड से भी कनेक्ट हो सकता है। इसके अलावा चंदौली से गाजीपुर तक 100 किमी लम्बा विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस वे भी बनेगा। इस तरह यूपी को 29400 करोड़ रुपये की लागत से 420 किमी के दो नए एक्सप्रेसवे की सौगात मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी मंत्रियों ने बुधवार को प्रयागराज में कैबिनेट बैठक में राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बड़े फैसलों पर मुहर लगाई।

इस विशेष कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित और निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे के माध्यम से कनेक्टिविटी नेटवर्क विकास और क्षेत्र में औद्योगिक परियोजनाओं का विकास हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश के पश्चिमांचल, मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र एक्सप्रेसवे से जुड़े हैं और अब दूरवर्ती दक्षिणी-पूर्वी विंध्य क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना आवश्यक है। इस दृष्टि से प्रयागराज मीरजापुर, वाराणसी, चंदौली एवं सोनभद्र को जोड़ते हुए 320 किलोमीटर लंबाई वाले नए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना चाहिए।

इस नए एक्सप्रेस में का प्रारंभ बिंदु प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेसवे होगा, जबकि सोनभद्र में एनएच-39 पर इसका समापन होगा। इस तरह गंगा एक्सप्रेसवे और विंध्य एक्सप्रेसवे की सीधी कनेक्टिविटी होगी। साथ ही, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व झारखंड से भी अच्छा संपर्क स्थापित हो सकेगा।

7000 करोड़ रुपये से नया लिंक एक्सप्रेसवे : विंध्य एक्सप्रेसवे पर चंदौली से नया लिंक एक्सप्रेसवे प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम बिंदु गाजीपुर तक जुड़ेगा। इसे विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण नाम दिया गया है। इसकी लंबाई लगभग 100 किमी होगी। इस पर 7000 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस एक्सप्रेसवे से विन्ध्य, बुंदेलखंड का पूर्वांचल से सीधा संपर्क हो जाएगा।

महाकुम्भ नगर में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट की बैठक के बाद प्रेसवार्ता कर फैसलों की जानकारी दी।

बागपत में मेडिकल कॉलेज बनाने का रास्ता साफ

महाकुम्भ नगर। प्रदेश सरकार ने हाथरस, बागपत और कासगंज में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए सफल निविदादाताओं का चयन कर लिया है। यह कदम भारत सरकार की वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) योजना के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड में उठाया गया है, ताकि इन जिलों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा का विस्तार किया जा सके।

डिफेंस सेक्टर में निवेश पर 35% तक सब्सिडी

महाकुम्भ नगर। योगी सरकार ने एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में अब 50 हजार करोड़ के नए निवेश लाने व एक लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। कैबिनेट की बैठक में नई 'उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति' को मंजूरी दे दी गई। इसके तहत पश्चिमी व मध्य यूपी में निवेश करने पर 25 प्रतिशत की कैपिटल सब्सिडी, बुंदेलखंड व पूर्वांचल में निवेश करने पर 35 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा विदेशी कंपनियों को उद्योग लगाने को एफडीआई नीति को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी।